Estd. 1917

पटना विश्वविद्यालय

Patna University



Patna University In News (07.11.2022)

दैनिक भास्कर

पीयू : एलएलबी, एमएड, एमएससी बॉयोटेक्नोलॉजी का हुआ एंट्रेंस टेस्ट

मगध महिला कॉलेज से एलएलबी की प्रवेश परीक्षा देकर निकलते अभ्यर्थी।

एजुकेशन रिपोर्टर | पटना

पटना विश्वविद्यालय में एलएलबी, एमएड, एमएससी बॉयोटेक्नोलॉजी की प्रवेश परीक्षा रविवार को आयोजित की गयी। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गयी थी। एमएड व एमएससी बॉयोटेक्नोलॉजी की परीक्षा पहली पाली में सुबह साढ़े दस बजे से दोपहर बारह बजे तक मगध महिला कॉलेज में आयोजित हुई। वहीं एलएलबी का एंट्रेंस टेस्ट दो परीक्षा केंद्रों मगध महिला कॉलेज और बीडी पब्लिक स्कूल में दूसरी पाली में दोपहर ढ़ाई बजे से शाम चार बजे तक आयोजित की गयी थी।

एलएलबी में 120 सीटों के लिए करीब दो हजार छात्र-छात्राएं प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए हैं। जल्द ही टेस्ट का रिजल्ट जारी किया जायेगा। इसके बाद नामांकन प्रक्रिया शुरू की जायेगी। स्टूडेंट्स वेलफेयर डीन प्रो अनिल कुमार ने बताया कि एक सप्ताह के भीतर रिजल्ट जारी किये जाने की संभावना है। चुनाव की वजह से नामांकन पर किसी तरह का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा। वह अपने समय से होगी।

लॉ कॉलेज में एडमिशन को एक सीट के लिए 13 से अधिक दावेदार

पटना. पटना लॉ कॉलेज में एडमिशन के लिए रविवार को एंट्रेंस टेस्ट हुआ. इसके लिए दो सेंटर बनाये गये थे. 120 सीटों पर एडमिशन के लिए 2282 स्टूडेंट्स ने फॉर्म भरा था, जिनमें से 1574 एंट्रेंस टेस्ट में शामिल हुए. मगध महिला कॉलेज सेंटर पर 797 और बीडी पब्लिक स्कूल, बुद्धा कॉलोनी सेंटर पर 777 विद्यार्थियों ने टेस्ट दिया. इस तरह एक सीट के लिए 13 से अधिक दावेदार हैं. परीक्षा नियंत्रक प्रो आरके मंडल ने कहा कि टेस्ट शांतिपूर्ण रहा. रिजल्ट चार-पांच दिनों में जारी होगा. रिजल्ट के बाद एडमिशन के लिए काउंसेलिंग शुरू होगी. इसकी तिथि जल्द जारी कर दी जायेगी. टेस्ट में 100 अंक के सवाल पूछे गये. सभी सवाल ऑब्जेक्टिव थे. इनमें 50 प्रश्न जेनरल नॉलेज, 25 प्रश्न करेंट अफेयर्स और 25 अंक लीगल एप्टिटियूट के थे. परीक्षार्थी करेंट अफेयर्स के प्रश्न में उलझे. इसके साथ कुछ लॉ से संबंधित सवाल हल करने में परेशानी हुई. स्टूडेंट्स ने कहा कि टेस्ट में प्रश्न ज्यादा मुश्किल नहीं पूछे गये थे. बस थोड़ा-सा उलझा देने वाला सवाल था. जेनरल नॉलेज के प्रश्न भी आसान थे, लेकिन कन्फ्यूज कर देने वाले ऑप्शन दिये गये थे.

प्रभात खबर Mon, 07 No https://ep

पटना विश्वविद्यालय. 10 नवंबर तक सीनेट हॉल में नोमिनेशन फॉर्म कर सकते हैं जमा

छात्र संघ चुनाव के लिए नामांकन आज से

संवाददाता, पटना

पटना यूनिवर्सिटी में 19 नवंबर को होने वाले छात्र संघ चुनाव के लिए सोमवार से नामांकन की प्रक्रिया शुरू हो जायेगी. इसके लिए पटना यूनिवर्सिटी के सीनेट हॉल में व्यवस्था की गयी है. स्टूडेंट्स सात, नौ व 10 नवंबर की शाम तीन बजे तक नामांकन फॉर्म जमा करा सकेंगे. आठ नवंबर को छुट्टी होने के कारण नामांकन नहीं होगा. इसके बाद 11 नवंबर को 11 बजे से स्क्रूटनी होगी. उम्मीदवारों की सूची 11 नवंबर शाम पांच बजे जारी की जायेगी. वहीं, 12 नवंबर की शाम 3:30 बजे तक ग्रीवांस रिडरेशन सेल की बैठक होगी. सेल से असंतुष्ट रहने पर उम्मीदवार कुलपति ऑफिस में 12 नवंबर की शाम छह बजे तक ही आपत्ति दर्ज करा सकते हैं. उम्मीदवारों की फाइनल सूची 14 नवंबर शाम छह से सात बजे के बीच जारी कर दी जायेगी. 14 नवंबर की शाम 3:30 बजे तक नाम वापस ले सकते हैं. 19 नवंबर को आठ से दो बजे तक वोटिंग होगी. वोटिंग के तुरंत बाद शाम चार बजे से मतगणना शुरू हो जायेगी.

सेंट्रल पैनल के पांच व काउंसेलर के 32 पदों पर होगा चुनाव: छात्र संघ चुनाव में सेंट्रल पैनल के लिए अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, महासचिव व कोषाध्यक्ष पदों पर चुनाव होंगे. वहीं, हर एक हजार छात्र पर एक कॉलेज काउंसेलर या फिर फैकल्टी काउंसेलर का भी चुनाव होगा. इस बार कॉलेज काउंसेलर और फैकल्टी मिलाकर 32 सीटों पर चुनाव होगा.

किसी भी विषय में फेल स्टूडेंट्स नहीं बन सकते हैं उम्मीदवार

ग्रेजुएशन में पढ़ाई करने वाले भी छात्र संघ चुनाव लड़ सकते हैं. लेकिन, चुनाव लड़ने के लिए उनकी उम्र 22 वर्ष से अधिक नहीं रहनी चाहिए. पीजी के स्टूडेंट्स को चुनाव लड़ने के लिए 25 वर्ष, एलएलबी के स्टूडेंट्स के लिए 25 वर्ष, एलएलएम कर रहे स्टूडेंट्स के लिए 27 वर्ष और रिसर्च स्टूडेंट्स (पीएचडी) के लिए 28 साल उम्र निर्धारित है. इससे अधिक उम्र वाले चुनाव नहीं लड़ सकते हैं. किसी भी एक पेपर में फेल स्टूडेंट भी उम्मीदवार नहीं बन सकते हैं. पीयू ने मतदाता सूची प्रकाशित कर दी है. पीयू में 24020 वोटर हैं. इसके साथ सभी कॉलेज और संकाय सहित 50 से अधिक बूथ बनाये गये हैं. नामांकन फॉर्म भरने के लिए स्टूडेंट्स को नो एकेडमिक एरियर प्रमाणपत्र लेना होगा. यह प्रमाणपत्र परीक्षा विभाग से लेना होगा. परीक्षा विभाग स्टूडेंट्स के रिकॉर्ड को देख कर नो एकेडमिक एरियर प्रमाणपत्र जारी करेगा. 75 प्रतिशत अटेंडेंस वाले स्टूडेंट्स ही चुनाव लड़ पायेंगे.

पोस्टर-बैनर दिखे, तो रद्द होगा नामांकन : चुनावों में दीवारों को गंदा करने व प्रिंटेड मैटेरियल को यूज करने पर उनका नामांकन रद्द कर दिया जायेगा.

नॉमिनेशन के लिए बनाये गये 16 काउंटर

छात्र संघ चुनाव के लिए नॉमिनेशन प्रक्रिया शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए पीयू ने 16 काउंटर बनाये हैं. नॉमिनेशन में भीड़ न लगे इसके लिए सेंट्रल पैनल के पांच पदों के लिए अलग-अलग काउंटर बनाये गये हैं. इसके साथ 11 काउंटर काउंसेलर के लिए बनाये गये हैं. 10 कॉलेजों के लिए 10 काउंटर और पीजी के लिए अलग से एक काउंटर बनाया गया है.

महत्वपूर्ण तिथियों को छात्र रखें याद

- सात, नौ व 10 नवंबर को व्हीलर सीनेट हॉल में कर सकते हैं नामांकन दर्ज
- फाइनल लिस्ट 11 नवंबर शाम को होगा जारी
- 12 नवंबर तक आपत्ति
- 14 नवंबर को जारी होगी उम्मीदवारों की फाइनल सूची
- 17 नवंबर को प्रेसिडेंसियल डिबेट
- 19 नवंबर (सुबह आठ से दो बजे तक) मतदान, चार बजे काउंटिंग और देर शाम रिजल्ट का प्रकाशन

प्रभात खबर Mon, 07 November 2022 https://epaper.prabhatkhabar.com/c/70820123